प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुमला में अंतराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा के समापन समारोह को किया संबोधित, जनजातियों के उत्थान पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद रांची में सीजीएल परीक्षा में चयनित 19 सौ से ज्यादा अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, समारोह को लेकर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर फिर साधा निशाना, साहिबगंज में कहा– आदिवासियों और शहीदों के वंशजों पर पाबंदी लगा रही है सरकार।
- जसीडीह–झाझा रेल खंड में लाहाबन व सिमुलतला के बीच रेल पटरी पर हुए अवरोध के कारण इस सेक्शन में ट्रेनों का परिचालन अब भी प्रभावित, कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन।
- झारखंड मिक्स बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चार स्वर्ण समेत आठ पदकों पर जमाया कब्जा, 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में झारखंड के रुद्रांश शर्मा ने जीता स्वर्ण।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज झारखंड के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन गुमला रायडीह में आयोजित अंतराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा के समापन समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बाबा कार्तिक उरांव को याद करते जनजातियों को उत्थान पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावा और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री मंत्री भी शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री गंगवार ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तीकरण के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से रांची स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुलाकात की। श्री सोरेन के साथ उनकी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद सीजीएल परीक्षा में चयनित एक हजार नौ सौ दस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने साहिबगंज के बरहेट स्थित भोगनाडीह का दौरा कर शहीद सिदो–कान्हू को श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासियों और शहीदों के वंशजों पर पाबंदियां लगा रही है और उन्हें स्वतंत्र रूप से आयोजन करने से रोक रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

*******************

टाटा मेन हॉस्पिटल ने भर्ती मरीजों के लिए ऑनलाइन पेमेंट फ्रॉम एनीवेयर सेवा शुरू की है। अब परिजन कैश काउंटर पर लाइन लगाए बिना घर बैठे या वार्ड में लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर मोबाइल से भुगतान कर सकेंगे। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य भुगतान प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाना है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने पत्रकार से मारपीट के आरोप में हंसडीहा थाना प्रभारी ताराचंद को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। ताराचंद पर अनुशासनहीनता और पुलिस की छवि धूमिल करने का आरोप है। इसके साथ ही जिम्मी हांसदा को हंसडीहा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि पत्रकार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर हैं।

*******************

हजारीबाग में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा शहरी और सदर प्रखंड के 197 जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के बीच फोर जी पॉस मशीनों का वितरण शुरू किया गया। 2016 से टू जी मशीनों का उपयोग कर रहे डीलरों की यह पुरानी मांग पूरी होने पर उन्होंने खुशी जताई। इससे राशन वितरण प्रक्रिया अब और तेज होगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी पर हर महीने के रविवार को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की सरायकेला–खरसांवा जिले में सराहना हो रही है।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के सूचकांक–सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार के दौरान गिरावट में थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 84 हजार 573 अंक पर और निफ्टी 32 अंक गिरकर 25 हजार 910 पर कारोबार कर रहे थे।

*******************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 27 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 45 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

जसीडीह–झाझा रेल खंड में लाहाबन व सिमुलतला के बीच रेल पटरी पर हुए अवरोध के कारण इस सेक्शन में ट्रेनों का परिचालन अब भी प्रभावित है। रेलवे प्रशासन ने लंबी दूरी की कई ट्रेनों को रिशेड्युल किया है। रांची–गोड्डा एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जसीडीह–देवघर–मोहनपुर–हरलाटांड़– हँसडीहा होकर चलेगी। दरभंगा–सिकंदराबाद एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग किऊल–तिलैया– बन्धुआ–कोडरमा–गोमो–चंद्रपुरा–राजाबेड़ा होकर चलेगी। गोड्डा–टाटानगर एक्सप्रेस वाया–मूरी भी आज अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हँसडीहा–हरलाटांड़–मोहनपुर–देवघर–जसीडीह होकर चलेगी।

*******************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में हॉर्टिकल्चर सोसाइटी द्वारा 35वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। पांच दिवसीय इस उत्सव में 208 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं हो रही हैं। यहाँ दुर्लभ फूलों, फलों और सब्जियों के शानदार प्रदर्शन के साथ आकर्षक डिस्प्ले लगाए गए हैं, जो बागवानी प्रेमियों के लिए मुख्य आकर्षण बने हुए हैं।

*******************

झारखंड मिक्स बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक अपने नाम किये। इनमें चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की सफलता पर झारखंड मिक्स बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। उधर, ग्वालियर में आयोजित 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप के दूसरे दिन झारखंड के रुद्रांश शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्हें यह पदक रोड रेस वन लैप स्पर्धा में मिला।

*******************

हजारीबाग में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में धनबाद ने हजारीबाग को हराकर खिताब हासिल कर लिया है। बालिका वर्ग में गोड्डा ने पूर्वी सिंहभूम को मात देकर जीत दर्ज की। झारखंड वालीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक शेखर बोस की उपस्थिति में संपन्न इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्यभर के 480 खिलाड़ी शामिल हुए।

*******समाप्त*******